# भारत - केमन द्वीप समूह संबंध

केमन द्वीप समूह जो तीन द्वीपों (ग्रैंड केमन, केमन ब्रैक और लिटिल केमन) का उत्तर पश्चिम कैरीबियन सागर में एक समूह है, जो क्यूबा के दक्षिण में 150 मील की दूरी पर स्थित है, मियामी, फ्लोरिडा के दक्षिण में 460 मील की दूरी पर तथा जमैका के उत्तर पश्चिम में 167 मील की दूरी पर स्थित है (रकबा 264 वर्ग किलोमीटर, आबादी 50,000, जी डी पी 2.8 बिलियन अमरीकी डालर), एक अंग्रेजी भाषी यू के ओवरसीज टेरिटरी है। केमन द्वीप समूह दुनिया के सबसे बड़े वित्तीय केन्द्रों में से एक है तथा विश्व विख्यात कराश्रय है। ऐसा प्रतीत होता है कि यू के सरकार इसके विदेश मामलों के कतिपय पहलुओं पर केमन द्वीप समूह को स्वायत्ता प्रदान करने का पक्षधर है - कैरीकाम के साथ संबंध, कैरीबियन क्षेत्रीय संगठन तथा अन्य यू के / नीदरलैंड / फ्रेंच ओवरसीज टेरिटरी / कैरीबियन क्षेत्र में पराधीन टेरिटरीज के साथ, बशर्ते कि सरकार / यू के सरकार को पहले सूचित किया जाए / मंजूरी ली जाए। ब्रिटिश विदेश कार्यालय द्वारा विदेशी संबंधों को नियंत्रित किया जाता है। यह कैरीकाम एवं यूनेस्को का एसोसिएट सदस्य है तथा कैरीबियन विकास बैंक, युनिवर्सल पोस्टल यूनियन तथा इंटरपोल का सदस्य है। यह संयुक्त राष्ट्र या किसी अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठन का सदस्य नहीं है।

हालांकि केमन द्वीप समूह ने न तो विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों में भाग लिया है और न ही जलवायु परिवर्तन पर इसने अपने दृष्टिकोण को अभिव्यक्त किया है, समुद्र के स्तर में वृद्धि, महासागरों के गर्म होने, तटीय क्षेत्र के क्षरण, समुद्री पर्यावरण की विकृति, मछलियों के भंडार में गिरावट, तथा तूफानों एवं चक्रवातों की बारंबारता एवं तीव्रता में वृद्धि की वजह से जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रही बातचीत में इसकी गहरी रुचि है, जिनकी वजह से न केवल संपोषणीय विकास एवं कमजोर अवसंरचना के लिए खतरा है अपितु इस छोटे द्वीप के विकासशील देशों के अस्तित्व को भी भारी खतरा है।

## राजनीतिक

यू के के ओवरसीज टेरिटरी के रूप में केमन द्वीप समूह ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधारों एवं या अस्थायी सीट के लिए हमारी उम्मीदवारी पर अपना दृष्टिकोण अभिव्यक्त नहीं किया है।

यहां अन्य देशों का कोई निवासी राजनयिक प्रतिनिधित्व नहीं है। जमैका में भारत के उच्चायुक्त को समवर्ती रूप से केमन द्वीप समूह की भी जिम्मेदारी सौंपी जाती है।

भारत और केमन द्वीप समूह के बीच द्विपक्षीय संबंध मैत्रीपूर्ण रहे हैं। कोई उच्च स्तरीय आदान प्रदान नहीं हुआ है तथा कोई द्विपक्षीय करार नहीं है। नारायण हृदयालय अस्पताल

द्वारा स्थापित 1400 बेड के कैंसर अस्पताल के उद्घाटन के लिए नारायण हृदयालय के अध्यक्ष के निमंत्रण पर केमन द्वीप समूह के पूर्व प्रधानमंत्री विलियम मैककीव बुश ने 15 से 17 दिसंबर 2009 के दौरान बंगलौर का दौरा किया था तथा उनके साथ स्वास्थ्य, पर्यावरण, युवा, खेल एवं संस्कृति मंत्री मार्क स्काटलैंड; केमन द्वीप समूह स्वास्थ्य सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष कैनोवर वाट्सन तथा चार अधिकारी भी भारत आए थे।

आई टी ई सी / एस सी ए ए पी के तहत हर साल दो स्लाटों के हमारे प्रस्ताव का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

जैसा कि केमन द्वीप समूह के विदेशी संबंध ब्रिटिश विदेश कार्यालय द्वारा नियंत्रित किए जाते हैं, हमारे आउटरीच प्रयासों के अंग के रूप में भारत के बारे में सूचना का प्रचार करने, आर्थिक अंत: क्रिया को सुदृढ़ करने के लिए अवसरों का पता लगाने, भारतीय समुदाय एवं स्थानीय आबादी को कोंसुलर सेवाएं प्रदान करने तथा प्राकृतिक आपदाओं के मामलों में क्योंकि इस भूभाग में समय समय पर चक्रवात एवं तूफान आने की संभावना बनी रहती है, राहत एवं बचाव के प्रयासों में भारतीय समुदाय की मदद करने पर हम मुख्य रूप से बल दे रहे हैं।

हालांकि केमन द्वीप समूह एक कराश्रय है और एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केन्द्र भी है तथा हेडगे फंड के लिए मन पसंद स्थान है, इसके साथ हमारी अंत:क्रिया वस्तुत: सीमित है।

व्यापार

वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) से एक तीन सदस्यीय शिष्टमंडल ने 18 से 23 जुलाई 2010 के दौरान बहमास में "कर के प्रयोजनों के लिए सूचना का आदान प्रदान एवं पारदर्शिता" पर आयोजित वैश्विक मंच के समकक्ष समीक्षा समूह की बैठक में भाग लिया। इस बैठक के दौरान अतिरिक्त समय में भारत और केमन द्वीप समूह ने "कर सूचना का आदान प्रदान" पर एक प्रारूप करार पर आद्याक्षर किया। इसके बाद भारत और केमन द्वीप समूह ने कर सूचना आदान प्रदान करार (टी आई ई ए) पर 21 मार्च 2011 को हस्ताक्षर किया। भारत के पूर्व उच्चायुक्त श्री मोहिंदर एस ग्रोवर ने भारत सरकार की ओर से इस करार पर हस्ताक्षर किया, जबकि केमन द्वीप समूह की ओर से प्रधानमंत्री मैककीव बुश ने इस करार पर हस्ताक्षर किया।

भारतीय साझीदारों के साथ स्थापित करने के लिए एक प्रस्तावित संयुक्त उद्यम कंपनी में 26 प्रतिशत शेयर प्राप्त करने के लिए यू एस नागरिकों के स्वामित्व वाली तथा केमन द्वीप समूह में निगमित एन सी बी सी होल्डिंग इंक नामक कंपनी द्वारा विदेश प्रत्यक्ष निवेश के लिए प्रस्ताव किया गया, जो संयुक्त उद्यम कंपनी में 74 प्रतिशत इक्विटी का धारक होगी। यह

**कंपनी रक्षा उद्योग के लिए वाहन, एयर क्राफ्ट, पोत तथा अन्य मशीनरी में प्रयोग के लिए वायर सेट के निर्माण का कार्य करती है।**

**नारायण हृदयालय अस्पताल, बंगलौर द्वारा केमन द्वीप समूह की राजधानी ग्रांड केमन में एक स्वास्थ्य शहर का निर्माण करने, एक संयुक्त उद्यम के तहत 2012 तक 2000 बिस्तर वाले एक मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण करने और अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अमेरिका एवं कैरीबियन क्षेत्र से डाक्टरों, नर्सों एवं फर्मास्युटिकल छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए केमन द्वीप समूह में एक विश्व स्तरीय चिकित्सा विश्वविद्यालय का निर्माण करने के लिए केमन द्वीप समूह की सरकार के साथ करार किया गया। 25 फरवरी 2014 से यह अस्पताल चालू हो गया है।**

**हमारा द्विपक्षीय व्यापार नगण्य है।**

**संस्कृति एवं भारतीय समुदाय**

**कुल आबादी के लगभग 1.6 प्रतिशत और प्रवासी समुदाय के लगभग 3 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 800 लोगों का भारतीय समुदाय मुख्य रूप से कार्य परमिट पर है तथा अधिकतर होटल, अतिथि सत्कार तथा सुरक्षा से संबंधित संगठनों में काम कर रहा है। मुट्ठी भर भारतीय डाक्टर, सनदी लेखाकार तथा अन्य पेशेवर हैं।**

**उपयोगी संसाधन :**

**भारतीय उच्चायोग, किंगस्टन की वेबसाइट :**
http://www.hcikingston.com/
**भारतीय उच्चायोग, किंगस्टन का फेसबुक पेज :**
https://www.facebook.com/HighCommissionOfIndiaKingston

***

**जनवरी, 2015**